सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 235 | इंदौर, बुधवार 06 मार्च, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# चुनाव सरगर्मी बढ़ी, टिकट का सस्पेंस, इंतजार में नेता...

## मप्र में भी छग की तर्ज पर कांग्रेस

→सीनियर लीडर्स को लोकसभा चुनाव लड़ाने पर हो सकता है फैसला

→कल होने वाली बैठक में 28 सीटों पर तय होंगे उम्मीदवार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। लोकसभा चुनाव की अभी भले ही घोषणा नहीं हुई है और न ही आचार संहिता लगी है, लेकिन प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। भाजपा ने जहां अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं वहीं कांग्रेस ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। उम्मीदवारी को लेकर टिकट का सस्पेंस कांग्रेस में बरकरार है और नेता इंतजार में हैं।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा बुधवार 6 मार्च को मध्यप्रदेश से राजस्थान में प्रवेश करेगी। इसके अगले दिन 7 मार्च को दिल्ली में कांग्रेस की सेंट्रल इलेक्शन कमेटी की बैठक होगी। जिसमें मध्यप्रदेश के 3 नेता शामिल होंगे। इस बैठक में छत्तीसगढ़ की तर्ज पर मध्यप्रदेश में भी सीनियर लीडर्स को लोकसभा चुनाव लड़ाने पर फैसला हो सकता है।

दिल्ली में हेडक्वार्टर में गुरुवार शाम 6 बजे होने वाली बैठक में स्क्रीनिंग कमेटी की अध्यक्ष रजनी पाटिल के साथ प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह, मप्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और मेंबर ओंकार सिंह मरकाम शामिल



होंगे। बैठक में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, लक्षद्वीप, दिल्ली, राजस्थान और नॉर्थ ईस्ट के राज्यों के उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा होगी।

### किया जा सकता है ऐलान

कांग्रेस की बैठक के बाद मध्यप्रदेश की 10 से 15 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान किया जा सकता है। पहली सूची में छिंदवाड़ा, बैतूल, राजगढ़, बालाघाट, झाबुआ, गुना, धार, देवास, सीधी लोकसभा सीट पर नाम घोषित किए जा सकते हैं। 8 या 9 मार्च को कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली लिस्ट आ सकती है।

### बड़े नेताओं को चुनाव लड़ाने का हो सकता है ऐलान

कांग्रेस आलाकमान मप्र में बड़े नेताओं को चुनाव में उतार सकता है। छत्तीसगढ़ में पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव सहित कांग्रेस के तमाम दिग्गजों को लोकसभा चुनाव में उतारने को लेकर सहमति बन गई है। 7 मार्च को होने वाली ष्टश्वष्ट की बैठक में इनके नामों पर औपचारिक ऐलान हो जाएगा। छत्तीसगढ़ की तरह मप्र के बड़े नेताओं को भी लोकसभा चुनाव लडऩे के लिए कांग्रेस आलाकमान राजी कर सकता है। कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की अध्यक्ष रजनी पाटिल कह चुकी हैं कि हमारी ये इच्छा है कि सभी वरिष्ठ नेता चुनाव लड़ें।

### दिग्विजय सिंह राजगढ़ से

यदि सीनियर लीडर्स को लोकसभा चुनाव में उतारने पर सहमति बनी तो पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह को राजगढ़ से लोकसभा प्रत्याशी बनाया जा सकता है। कमलनाथ के अलावा सज्जन सिंह वर्मा को देवास से उतारने पर मंथन चल रहा है। उज्जैन में विधायक महेश परमार, पूर्व विधायक रामलाल मालवीय को उतारा जा सकता है। सतना में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल, सीधी में कमलेश्वर पटेल, खंडवा में पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, रतलाम में कांतिलाल भूरिया, जबलपुर में पूर्व मंत्री तरुण भनोत, खरगोन में विधायक झूमा सोलंकी, बाला बच्चन को चुनाव लड़ाया जा सकता है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह मुरैना से लडऩे के इच्छुक हैं लेकिन बीजेपी ने यहां से ठाकुर उम्मीदवार घोषित कर दिया है। ऐसे में अब कांग्रेस इस सीट पर किसी अन्य वर्ग का उम्मीदवार उतारने पर विचार कर रही है।

### नकुल छिंदवाड़ा से ही

पूर्व सीएम कमलनाथ के गढ़ छिंदवाड़ा से अभी उनके बेटे नकुलनाथ सांसद हैं। कमलनाथ कह चुके हैं कि छिंदवाड़ा में नकुलनाथ ही चुनाव लड़ेंगे। वहीं कमलनाथ को भी किसी सीट से चुनाव लड़ाने पर विचार चल रहा है।

## शादी समारोह में जा रही महिलाओं को गायों ने रौंदा

### आधा दर्जन महिलाएं घायल, एक बुजुर्ग महिला को पैर में फ्रैक्चर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**राजगढ़।** राजगढ़ जिले के माचलपुर नगर में गौवंश की लड़ाई में नगरवासी लगातार घायल हो रहे हैं। मंगलवार को सुबह शादी समारोह के माता पूजन के कार्यक्रम में बैन्ड बाजों के साथ जा रहे चल समारोह में दौड़ती गायें घुस गई। जिन्होने महिलाओं को चपेट में ले लिया और आधा दर्जन करीब महिलाओं को गिराकर घायल कर दिया। घटना में कुछ महिलाओं की साड़ी तक फट गई। लोग उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र माचलपुर लेकर गए। जहां सामान्य रूप से घायल महिलाओं को प्राथमिक उपचार के बाद परिजन घर ले गये। वहीं एक बुजुर्ग महिला शांतिबाई विश्वकर्मा (67) वर्ष के पैर में फ्रैक्चर हो गया। जिसे परिजन इलाज के लिए झालावाड़ ले गए। जहां डॉक्टरों ने पैर का ऑपरेशन होना बताया है। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें साफ देखा जा सकता है, कि शादी के जुलूस में 2 गाए घुस गई। जो कि महिलाओं को रौंदते हुए नजर आ रही है।

## सड़क हादसा-एक ही परिवार के तीन की मौत

**निवाड़ी।** सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। एक महिला गंभीर घायल है। उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया है। बताया जा रहा है कि चारों एक ही बाइक से शादी में शामिल होने जा रहे थे। बनगांय हाईवे पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मारी, फिर कुचलते हुए निकल गया। हादसे में शवों के चिथड़े उड़ गए। जानकारी के अनुसार बाइक पर रामेश्वर यादव (45), पत्नी रामकुमारी, बेटा कृष्णा यादव (13) और भतीजा मंगल यादव देर रात एक ही बाइक से जा रहे थे। हादसे में रामेश्वर, कृष्णा और मंगल यादव की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा सोमवार रात करीब डेढ़ बजे हुआ। पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## टीकमगढ़ में करंट लगने से पिता-पुत्र की मौत

**टीकमगढ़।** करंट लगने से पिता-पुत्र की मौत हो गई। हादसा ग्राम पंचायत गोरा में मंगलवार सुबह करीब 11 बजे हुआ। खरगापुर थाना प्रभारी मुकेश शाक्य ने बताया कि दयाराम प्रजापति (53) अपने बेटे कुंवरलाल प्रजापति (25) के साथ खेत पर फसलों की सिंचाई कर रहा था। इसी दौरान कुंवरलाल बिजली के तार की चपेट में आ गया। बेटे को बचाने पहुंचे दयाराम को भी करंट लग गया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि घटना के दौरान खेत पर पिता-पुत्र के अलावा कोई और नहीं था।

# महाशिवरात्रि पर 750 कैमरों से होगी निगरानी

## महाकाल दर्शन के लिए 15 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। श्री महाकालेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व के लिए इस बार करीब 15 लाख से अधिक दर्शनार्थियों के आने की उम्मीद है। दर्शनार्थियों की सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था के लिए मंदिर समिति और प्रशासन की ओर से करीब 750 सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से नजर रखी जाएगी।**

श्री महाकालेवर मंदिर में इस बार महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं के आगमन का रिकॉर्ड टूटेगा। संभावना है कि करीब 15 लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचेंगे। मंदिर समिति और जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के लिए की



जा रही व्यवस्थाओं को अब अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्रद्धालु कहां से आएंगे और कहां से जाएंगे, इसके लिए रूट प्लान जारी कर दिया गया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने पार्किंग स्थल से महाकाल मंदिर तक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंदिर समिति के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने बताया कि मंदिर समिति और प्रशासन की ओर से लगने वाले करीब 750 सीसीटीवी कैमरों से पार्किंग स्थल से मंदिर तक नजर रखी जाएगी। भीड़ वाले क्षेत्र में ड्रोन कैमरे लगेंगे। सभी कैमरे मंदिर के श्री महाकाल लोक और फैसेलिटी सेंटर स्थित कंट्रोल रूम से अटैच रहेंगे। यहां पर मंदिर समिति व पुलिस और प्रशासन के अधिकारी नजर रख सकेंगे।

# निगम ने बंद की सफाई तो मिल गए 36 लाख रुपए

## देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने जमा कराए पैसे और कहा उठा लो कचरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर नगर निगम के द्वारा सफाई बंद कर दिए जाने का परिणाम यह हुआ कि उसे बकाया राशि में से 36 लाख रुपए मिल गए हैं। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने यह पैसे जमा करते हुए निगम से अपने परिसर का कचरा उठाने का आग्रह किया।**

विश्वविद्यालय के खंडवा रोड पर स्थित परिसर में सफाई और कचरा उठाने के कार्य के नगर निगम के 3 करोड रुपए बाकी हो गए थे। विश्वविद्यालय के द्वारा यह राशि नहीं चुकाई जा रही थी। नगर निगम की ओर से बार-बार दबाव बनाया जा रहा था। इस दबाव के जवाब में विश्वविद्यालय के द्वारा यह कहना शुरू कर दिया गया था कि हम अपने परिसर की सफाई खुद करवाते हैं। निगम का इस सफाई में कोई योगदान नहीं है। ऐसे में हम कोई पैसा नहीं देंगे। जैसे ही विश्वविद्यालय की ओर से यह दो टूक जवाब आया वैसे ही नगर निगम के द्वारा विश्वविद्यालय के खंडवा रोड के परिसर की सफाई का कार्य पूरी तरह से बंद कर दिया गया। इस परिसर में करीब करीब 35 कॉलेज का संचालन किया जाता है। हजारों की संख्या में विद्यार्थी हर दिन इस परिसर में आते हैं। इसके साथ ही इस पेरिस में विश्वविद्यालय का ऑडिटोरियम भी है। इस ऑडिटोरियम में आए दिन बड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

### बकाया राशि के हिसाब की जांच पड़ताल की

निगम के द्वारा सफाई का कार्य बंद किए जाने के बाद विश्वविद्यालय के इस परिसर में जहां-तहां कचरा फैला हुआ नजर आने लगा। इस स्थिति से विश्वविद्यालय को भी इस बात का एहसास हो गया कि परिसर में जो सफाई रहती है, वह नगर निगम के योगदान के कारण ही रहती है। इसके बाद में विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने निगम के अधिकारियों के साथ बैठकर बकाया राशि के हिसाब की जांच पड़ताल की। इस जांच पड़ताल में डेढ़ करोड़ रुपए बकाया होना स्पष्ट हुआ। फिर विश्वविद्यालय ने इस बकाया राशि में से 36 लाख रुपए की राशि नगर निगम को जमा करवा दी और निगम से अपने परिसर में मौजूद कचरा हटाने का आग्रह किया।

# बस यात्रा की मांग बढ़ने की उम्मीद

## शिवरात्री के आसपास ओमकारेश्वर, मंदसौर और उज्जैन पहुंचेंगे सबसे ज्यादा तीर्थयात्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शिवरात्री का त्योहार आ रहा है, इस बीच दुनिया के सबसे बड़े ऑनलाइन बस टिकटिंग प्लेटफॉर्म रैडबस को मध्य प्रदेश से बस यात्रा की मांग बढ़ने की उम्मीद है। आगामी त्योहार की तैयारियों के बीच रैडबस के डेटा के मुताबिक इन दिनों बस टिकटों की बुकिंग्स में 59 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, त्योहार से एक सप्ताह पहले ही सीटें बुक की जा रही हैं। त्योहार से ठीक पहले बस यात्रा की बढ़ती बुकिंग्स से स्पष्ट है कि त्योहारों की छुट्टियों में यात्रा की मांग बढ़ेगी। रैडबस और उद्योग जगत के अन्य प्लेटफॉर्म्स पर इसी तरह के रूझान देखे जा रहे हैं। प्रकाश संगम, सी ई ओ, रैडबस ने यात्रा की बुकिंग्स के रूझानों पर बात करते हुए कहा, ह्यमध्य प्रदेश में शिवरात्री की छुट्टियों में बड़ी संख्या में लोग यात्रा करते हैं। दीवाली और रक्षाबंधन के बाद यह तीसरा सबसे बड़ा त्योहार है जब राज्य में यात्रा करने वालों की संख्या बहुत अधिक बढ़ जाती है। सड़कों एवं बस कनेक्टिविटी में सुधार के चलते बस यात्रा की मांग बढ़ रही है। क्षेत्र में इन दिनों बस यात्रा की मांग तकरीबन 60 फीसदी बढ़ गई हैं आने वाले दिनों में भी ये रूझान जारी रहने की उम्मीद है क्योंकि गर्मियों का सीजन आ रहा है।

# डॉग शेल्टर होम की मांग को लेकर जनसुनवाई में ज्ञापन

## मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में डॉग बाइट की घटनाओं से लोग परेशान हैं। मंगलवार को नगर निगम की जनसुनवाई में लोगों ने इससे मुक्ति दिलवाने के लिए डॉग शेल्टर होम की मांग की। इसके साथ ही ज्ञापन दिया।**

दरअसल शहर के कुछ जागरूक लोगों ने डॉग बाइट के बढ़ते केसेस और खतरों को देखते स्थाई समाधान के लिए 'डॉग बाइट से फाइटह्व नाम से ग्रुप बनाया है। ग्रुप में कई एडवोकेट, डॉक्टर्स, व्यवसायी, और महिलाएं जुड़ी हैं। अभियान की शुरूआत में उन्होंने नगर निगम की जनसुनवाई में शहर में जोन वाइस डॉग शेल्टर होम बनाए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में बताया कि शेल्टर होम में आक्रमक हो चुके स्ट्रीट डॉग्स को शिफ्ट किया जाए। इससे शहर की जनता को भी डॉग बाइट से मुक्ति मिलेगी। स्ट्रीट डॉग्स को भी समय पर खाना पानी और सुरक्षा मिल सकेगी। अपर कमिश्नर ने उन्हें आश्वासन दिया है कि जल्द ही ठोस और सार्थक निर्णय लिया जाएगा। ग्रुप के सदस्यों ने चेतावनी दी है कि अगर कोई निर्णय नहीं लिया गया तो जल्द ही इसके लिए चरणबद्ध तरीके से आंदोलन शुरू किया जाएगा।

# शंख बजाकर किसानों का प्रदर्शन, कलेक्टोरेट पर नारेबाजी, ज्ञापन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सरकार की वादा खिलाफी के खिलाफ मंगलवार को भारतीय किसान संघ के बैनर तले किसानों ने प्रदर्शन किया। दोपहर को वे हाथों में तख्तियां लिए कलेक्टोरेट पहुंचे। यहां उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और ज्ञापन सौंपा। भारत किसान संघ इंदौर महानगर के अध्यक्ष दिलीप मुकाती ने बताया कि उन्होंने कहा कि चुनाव के समय सरकार के लोगों ने किसानों से वादा किया था। इसमें गेहूं 2700 रुपए प्रति क्विंटल और धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल से खरीदी करने का की बात कही गई था। इसके बाद सरकार ने मध्य प्रदेश के किसानों के साथ वादा खिलाफी की है। हमें फसलों का उचित दाम नहीं मिल रहा है। इसे लेकर हमने पूरे प्रदेश में मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने सरकार से न्याय की गुहार की है।

# अभियान में 15000 अवैध नल कनेक्शन हो गए वैध

## →निगम के खजाने में आए 5 करोड़ से ज्यादा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर नगर निगम के द्वारा शुरू किए गए अभियान में 15000 से अधिक नल कनेक्शन अवैध से वैध कर दिए गए। इन नल कनेक्शन को वैध करने के शुल्क के रूप में नगर निगम के द्वारा 5 करोड रुपए से ज्यादा की आय अर्जित की गई है।**

निगम की ओर से एक महीने के लिए शहर के सारे अवैध नल कनेक्शन को वैध करने का अभियान शुरू किया गया था। इस अभियान को शुरू करते हुए नगर निगम के द्वारा कनेक्शन के पानी के उपयोग और साइज के हिसाब से उसे वैध करने का शुल्क भी घोषित कर दिया गया था। निगम की ओर से नागरिकों से कहा गया था कि वह इस अभियान के दौरान अपने अवैध नल कनेक्शन को वैध करवा ले। इसके पश्चात निगम की ओर से अभियान चलाया जाएगा। फिर यदि कहीं भी अवैध नल कनेक्शन पाया जाएगा तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ-साथ पुलिस थाने में पानी की चोरी का मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। निगम ने अपने जोनल कार्यालय पर तैनात पानी की व्यवस्था देखने वाले सारे कर्मचारी को इस अभियान में लगा दिया था। अभियान में अब तक 15000 से ज्यादा अवैध नल कनेक्शन को अवैध किया गया है। कार्रवाई से निगम को राजस्व के रूप में 4.80 करोड रुपए से ज्यादा की राशि प्राप्त हुई है।

**अब अभियान में दो दिन शेष-** निगम के द्वारा शुरू किए गए इस अभियान में अब केवल दो दिन शेष बचे हैं। यह अभियान एक महीने के लिए शुरू किया गया था। 6 मार्च को 1 महीना पूरा होने जा रहा है। इस 2 दिन में निगम के द्वारा और अधिक से अधिक अवैध नल कनेक्शन को वैध करने की कोशिश की जाएगी। वैसे तो निगम का लक्ष्य 1 लाख नल कनेक्शन को अवैध से वैध करने का था। इस लक्ष्य की तुलना में यह अभियान फीका साबित हुआ है।

कटाक्ष




# लोक अदालत में बिजली प्रकरणों पर मिलेगी ब्याज और मूल राशि पर छूट

## एमडी अमित तोमर के निर्देशन में 15 जिलों में लोक अदालत की व्यापक तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राष्ट्रीय लोक अदालत शनिवार 9 मार्च को आयोजित हो रही हैं। इसकी मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के तत्वावधान में प्रभावी तैयारी की जा रही हैं। मालवा और निमाड़ में 44 स्थानों (न्यायालयों) पर आयोजित होने वाली लोक अदालत में हजारों प्रकरणों के समाधान के लिए रखे जाएंगे। बिजली कंपनी की ओर से लोक अदालत की सूचना संबंधितों को दी जा रही हैं। लोक अदालत में शासन के निर्देशानुसार 50 हजार रूपए तक की सिविल दायित्व की राशि पर छूट प्रदान की जाएगी।**

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित तोमर के आदेशानुसार इंदौर जिले के 62 जोन वितरण केंद्र समेत मालवा निमाड़ के 425 जोन, वितरण केंद्रों, कार्यालयों के माध्यम से लोक अदालत की सफलता के लिए प्रभावी तैयारी की जा रही है। लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126 एवं 135 के तहत दर्ज बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों का समझौता होगा। प्री लिटिगेशन के निम्नदाब श्रेणी के पात्र घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट मिलेगी। मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री आरके आर्या ने बताया कि प्री लिटिगेशन स्तर सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों में आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। निर्धारित छूट के उपरांत शेष बिल आंकलित सिविल दायित्व, अपराध शमन राशि एवं ब्याज की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। लोक अदालत के दौरान छूट आवेदक द्वारा विद्युत चोरी/अनाधिकृत उपयोग पहली बार किए जाने की स्थिति में ही दी जाएगी। यदि आवेदक के अन्य कोई कनेक्शन भी है, तो वहां की राशि पूर्ण जमा होना आवश्यक है। लोक अदालत के लिए कंपनी स्तर पर हजारों नोटिस दिए जा रहे हैं।

# 43 लाख की नई नर्मदा लाइन का भूमिपूजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विष्णुपुरी कॉलोनी व सिद्धार्थ नगर में लोग लंबे समय से नर्मदा लाइन में गंदे पानी की समस्या से जूझ रहे थे। गर्मी में ये समस्या और अधिक विकराल रूप धारण कर लेती थी।**

मंगलवार को विष्णुपुरी मेन में विष्णुपुरी मेन रहवासी संघ के सहयोग से समारोह आयोजित कर नर्मदा की नई लाइन का भूमिपूजन पार्षद सुनीता सुनील हार्डिया,विधायक मधु वर्मा व रहवासियों की उपस्थिति में किया गया। इस मौके पर पार्षद सुनीता सुनील हार्डिया ने विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मधु वर्मा ने कहा कि जनता ने मुझे चुन कर विधानसभा पहुंचाया है। ये क्षेत्र की जनता का मेरे पर कर्ज है।इस कर्ज को मैं क्षेत्र में विकास की गंगा बहाकर उतारूंगा।उन्होंने रहवासियों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र की हर समस्या का निराकरण होगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विष्णुपुरी कॉलोनी मेन के अध्यक्ष अभिलाष शुक्ला ने क्षेत्र के विकास में कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने की बात कही। अंत में रहवासी संघ के अशोक बिनवानी ने आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम का संचालन सुधीर तेलंग ने किया।

कार्यक्रम के पश्चात क्षेत्र में तीन किलोमीटर लंबी 43 लाख लागत की नई नर्मदा लाइन का भूमिपूजन विधि विधान से किया गया। लाइन का कार्य तीन माह में पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर रहवासी संघ के सचिव गजेंद्र नागपाल, पीसी अग्रवाल,परविंदर भाटिया,अमित जुनेजा,अतुल जोशी,हरीश कुकरेजा,कमलेश खत्री,रंजन उपाध्याय सहित अनेक रहवासी मौजूद रहे।

## रेसीडेन्सी एरिया का ड्रोन के माध्यम से नक्शा तैयार

### राजस्व सर्वेक्षण कार्य पूर्ण होने पर भूमिस्वामियों को मिलेगा राजस्व सुविधाओं का लाभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर नगर के रेसीडेंसी एरिया में राजस्व सर्वेक्षण के प्रथम चरण का कार्य पूरा हो गया है। द्वितीय चरण में दस्तावेजों की जांच की प्रक्रिया चल रही है। द्वितीय चरण का कार्य पूर्ण होने पर भूमिस्वामियों को अनेक राजस्व सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इंदौर नगर अंतर्गत स्थित अनसर्वेड रेसीडेन्सी एरिया जो कि वर्तमान में तहसील जूनी इन्दौर के रेसीडेन्सी एरिया, पटवारी हल्का नं. 3 कस्बा इन्दौर के अंतर्गत आता है। जिसका भौगोलिक रकबा लगभग 1030 एकड है, जो कि वर्तमान में अनसर्वेड एरिया है। जिसका भू-सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। प्रथम चरण में ड्रोन पलाय कर प्रारूप नक्शों का निर्माण राजस्व विभाग द्वारा किया जा चुका है।**

तदुपरात द्वितीय चरण अंतर्गत भू-सर्वेक्षण को प्रारंभ कराये जाने की अधिसूचना का प्रकाशन आयुक्त भू-अभिलेख एवं बन्दोबस्त कार्यालय ग्वालियर द्वारा 12 मई 2023 को किया गया है। राजस्व सर्वेक्षण नियमानुसार आयुक्त भू-अभिलेख द्वारा अधिसूचना जारी होने के पश्चात् जिला सर्वेक्षण अधिकारी द्वारा भी अधिसूचना जारी की गई हैं। अधिसूचना जारी होने पर रेसीडेन्सी एरिया अनसर्वेड एरिया था। राजस्व सर्वेक्षण कार्य पूर्ण होने पर रेसीडेन्सी एरिया के भूमिधारकों को इसका सीधे-सीधे लाभ प्राप्त होगा। भूमि के नामांतरण, सीमांकन संबंधी समस्याओं का निराकरण, क्रय-विक्रय में सुगमता, विवाद रहित स्वामित्व स्थापित करना, भू-अर्जन में आसानी, राजस्व सम्बन्धी प्रकरणो के निराकरण में आसानी, पेपरलेस लैंड रिकॉर्ड हेतु सुविधाजनक है, साथ ही सार्वजनिक उपयोग के रास्तों का संरक्षण एवं निर्धारण में आसानी एवं निस्तार की भूमि/शासकीय भूमि को आसानी से संरक्षण किया जा सकेगा।

## उपभोक्ताओं को खाद्यान्न सामग्री रखने के लिए मिलेंगे नि:शुल्क बैग

### वितरण के लिए इंदौर जिले को मिले 3 लाख 63 हजार बैग्स

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



इंदौर। इंदौर जिले में सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों के उपभोक्ताओं को खाद्यान्न सामग्री रखने के लिए 10 किलोग्राम क्षमता के बैग निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे। वितरण के लिए इंदौर जिले को 3 लाख 63 हजार बैग्स मिल चुके हैं। इनका वितरण भी शुरू हो गया है। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिए हैं कि प्राप्त बैग्स का वितरण आगामी पांच दिवस में सुनिश्चित कर लिया जाए। जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री एम.एल. मारू ने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे अपने संबंधित उचित मूल्य दुकान पर जाकर यह बैग प्राप्त कर लेवे। उन्होंने बताया कि भारतीय खाद्य निगम से प्राप्त यह बैग निःशुल्क वितरित किए जा रहे हैं। बैग्स की क्षमता 10 किलोग्राम है। उन्होंने बताया कि जिले में 3 लाख 63 हजार उपभोक्ताओं को बैग्स का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। यह वितरण जिले की 650 उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अगर किसी उपभोक्ता को बैग प्राप्त करने में समस्या है तो वह 181 पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

## संभागायुक्त श्री मालसिंह ने एमटीएच हॉस्पिटल का किया आकस्मिक निरीक्षण

### व्यवस्थाओं को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के दिए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**इंदौर।** संभागायुक्त श्री मालसिंह अचानक एमटीएच हॉस्पीटल पहुंचे। यहां उन्होंने व्यवस्थाओं और सुविधाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने संतुष्टी जाहिर करते हुए व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ तथा चुस्त-दुरुस्त बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मरीजों की सुविधा के लिए अधिक से अधिक सुविधाएं जुटाई जाये। यह सुनिश्चित किया जाये कि मरीजों को किसी भी तरह की असुविधा तथा परेशानी नहीं हो।

संभागायुक्त श्री मालसिंह ने एमटीएच हॉस्पिटल पहुंचकर ओपीडी का निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी की व्यवस्थाओं को देखा। डॉक्टरों तथा अन्य स्टाफ की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मरीजों की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को भी देखा। उन्होंने मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने मरीजों के परिजनों के लिए बनाये जा रहे टीन शेड को भी देखा। साथ ही उन्होंने हॉस्पीटल परिसर के पुराने भवन की जानकारी भी ली। उन्होंने इस जगह का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने टायलेट में पाईप लाइन बार-बार चौक होने वाली समस्या से निजात के लिये बडे पाईप डालने के निर्देश भी दिये। इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष, उप अधीक्षक, कंसलटेंट, सहायक अस्पताल प्रबंधक तथा अन्य स्टाफ मौजूद थे।

## सामाजिक सरोकारों को लेकर पदयात्रा निकाली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। युवा हो तो युवा दिखो। स्वास्थ्य एवम स्वच्छता, युवाओं को हो रहे कार्डियक अरेस्ट के प्रति जागरूक करना, राह चलते हुए सड़क पर थूकना,डिस्पोजेबल में चाय या कॉफी पीना बंद करे, बोतलबंद पानी का उपयोग धीरे धीरे कम करते हुए पर्यावरण संरक्षण करना, 2025 तक क्षय मुक्त भारत तथा पैदल चलना कसरतों की रानी है ऐसे उद्देश्यों को लेकर इंदौर स्कूल आफ सोशल वर्क के पूर्व एवं वर्तमान विद्यार्थियों, राऊ शासकीय महाविद्यालय के एन एस एस के छात्र-छात्राएं तथा शहर के डॉक्टर , वकील, इंजीनियर पत्रकार, साहित्यकार ,समाज सेवी आदि ने इंदौर स्कूल ऑफ सोशल वर्क से लेकर रंगवासा तक की 18 किलोमीटर से अधिक की पदयात्रा की।

पद यात्रियों ने राह में आने वाले अनेक मोहल्लों, कालोनियों एवम स्थानों पर नागरिकों से चर्चा की तथा उन्हें सामाजिक सरोकारों से जुड़ने का आवाहन किया। पद यात्रियों के पास विभिन्न संदेश देने वाली तख्तियां स्लोगन थे साथ ही वे चलते चलते सकारात्मक संदेश के पेंपलेट वितरित करते हुए देश भक्ति के गीत भी गाते जा रहे थे। पद यात्रियों का औदुंबर महासभा इंदौर,चैतन्य मंडल, सिद्धि विनायक समिति स्कीम नंबर 71, ट्रेजर फैंटसी आदि सामाजिक संस्थाओं द्वारा स्वागत किया गया। प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डा सी पी मैथ्यू , पूर्व प्राध्यापक डॉ रंजना सहगल, तथा सिलवासा से आए पीके जड़िया, एस डी जोशी , अरुण मोगरे, हेमंत तिवारी आदि ने पदयात्रा का शुभारंभ किया। ग्राम रंगवासा में पदयात्रा के समापन पर मुख्य अतिथि विधायक मधु वर्मा ने कहा की पदयात्रा आज भी प्रासंगिक है। सामाजिक सदस्यों से प्रत्यक्ष चर्चा करने के लिए पदयात्रा सेतु का काम करती है। वरिष्ठ समाजसेवी एवं पत्रकार सतीश जोशी ने कहा की सामाजिक संबंधों में पारदर्शिता एवम ईमानदारी होना आवश्यक है।

## वित्तीय साक्षरता के साथ बताई धोखाधड़ी से बचने की राह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। प्रियसखी महिला संघ इंदौर ने भारतीय रिजर्व बैंक के सहयोग से वित्तीय साक्षरता मनीवाईज केंद्रों के माध्यम से वित्तीय समावेशन की जानकारी देने एवं साइबर धोखाधड़ी से बचाने के लिए इंदौर सहित अन्य जिलों में अभियान चलाया। इस अवसर पर 45 शिविर लगाकर हजारों लोगों को उपयोगी जानकारी दी गई। प्रिय सखी महिला संघ की सचिव आरती कुशवाह ने बताया कि 23 विकास खंडों में गतिविधियां चलाकर ग्रामीणों, विद्यार्थियों, युवाओं को बचत, शासकीय योजनाओं के लाभ के तौर तरीके, साइबर धोखधड़ी से बचाव के लिए सावधानियां, डिजिटल बैंकिंग, कंपाउंडिंग आदि के फायदे बताए गए। भारतीय रिजर्व बैंक के आदेश के तहत 45 शिविरों में संबंधित विकास खंड, जिले के अग्रणी जिला प्रबंधक, वित्तीय साक्षरता सलाहकार, बैंकों के मैनेजर, प्रियसखी महिला संघ के प्रतिनिधियों ने शिरकत कर उपयोगी जानकारी दी। प्रश्नोत्तरी के माध्यम से भी बैंक, वित्तीय साक्षरता, धोखे से बचने इत्यादि संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान किया गआ। इंदौर जिले के साथ ही उज्जैन, देवास, आगर, धार, बड़वानी, खंडवा, शाजापुर जिले में भी बहु उपयोगी शिविरों का संचालन किया गया।

## सरकारी स्कूलों में बच्चों को मिलेगी प्राइवेट जैसी सुविधा, चलेंगी बसें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जिले के सरकारी स्कूलों में भी स्कूल बसें चलेंगी जो बच्चों को लाने ले जाने का काम करेंगी। ये बसें प्राइवेट स्कूलों की तरह की बच्चों को पिक-ड्रॉप करेंगी। खास बात ये है कि सुविधा फ्री रहेगी। इसके लिए किसी प्रकार की कोई फीस नहीं देना होगी।

दरअसल, इंदौर संभाग के सभी जिलों में सीएम राइज स्कूल शुरू हुए हैं। बुरहानपुर और बड़वानी में संचालित सीएम राइज स्कूलों में पहले से स्कूल बसें संचालित हो रही है। इन दो जिलों को छोड़ इंदौर सहित बचे हुए सभी जिले जैसे धार, खंडवा, खरगोन, नीमच-मंदसौर में स्कूल बसों का संचालन होगा। बसें नए शैक्षणिक सत्र से चलेंगी।

जिले में 11 सीएम राइज स्कूल संचालित हैं, जिसमें करीब 7500 से अधिक स्टूडेंट पढ़ते हैं। स्टूडेंट्स साइकिल-ऑटो या खुद के साधनों से ही स्कूल आ-जा रहे है, जबकि सीएम राइज स्कूलों में बस सुविधा उपलब्ध है। मगर इंदौर जिले में बीते दो साल से बस का संचालन नहीं हो पा रहा है। बस चलाने के लिए पहले टेंडर निकाले गए लेकिन किसी ऑपरेटर ने रुचि नहीं दिखाई। हाल ही में फिर से टेंडर जारी हुए थे, जिसमें 2050 रुपए प्रति सीट पर बस संचालित करना तय हुआ है। एजेंसी को ही महिला सुपर वाइजर, ड्राइवर, कंडक्टर सब रखना होंगे। बस 17, 25, 32 और 50 सीटर रहेंगी। ये स्टूडेंट्स की संख्या के आधार पर तय होगा। रूट भी इसी आधार पर तय होंगे। बताया जाता है कि इंदौर के तीन सरकारी स्कूल बाल विनय मंदिर, शारदा कन्या और अहिल्याश्रम स्कूल में 1970 से 1995 तक बसें शहर से बच्चों को लेकर स्कूल पहुंचती थी।

# सीएम बोले-राहुल गांधी का उद्देश्य कभी पूरा नहीं होगा

→सिलेक्टेड ऑफिसर्स की ट्रेनिंग में कहा- हमें हर 5 साल में परीक्षा देनी पड़ती है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मप्र लोक सेवा आयोग से राज्य सिविल सेवा के लिए चयनित अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रशासन अकादमी में शुरू हुआ। सीएम डॉ मोहन यादव इस ट्रेनिंग प्रोग्राम के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए।**

सीएम डॉ मोहन यादव ने कहा- मैं यहां जिनको संबोधित कर रहा हूँ, वो सब भविष्य के बड़े अधिकारी बनने की पौध है। उस नाते उस पौध से बात अगर करूंगा, तो मैं भविष्य की संभावनाओं की शुभकामनाओं देता जाऊं। आप सबका जीवन भी उसी तरह बने जैसा चंदन होता है। जितना घिसा जाए, उतनी सुगंध बढ़ती जाए, ये मैं आपको शुभकामनाएं देता हूँ।

हम सब जानते है कि परमात्मा की दया से, कई जन्मों के पुण्य के बाद हमको अच्छे अधिकार संपन्न व्यक्तित्व का मौका दिया है, और आप तो कई मामलों में भाग्यशाली हो। एक बार अधिकारी बने हैं अगर सही चलोगे तो, जिंदगी भर रहोगे। हम लोगों को तो हर 5 साल में परीक्षा देनी पड़ती है। आज मैं आपको ज्ञान-विज्ञान की सारी बातें कर रहा हूँ।



## राममंदिर का न्योता ठुकराने पर जवाब दें राहुल गांधी

उज्जैन में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के महाकाल के दर्शन करने को लेकर सीएम डॉ.मोहन यादव ने कहा- मैं इस पर कुछ बोलना नहीं चाहूता। चुनाव की बेला में अगर कोई अपने दल का विचार ना करते हुए इस तरह समय जाया करता है तो मैं क्या टिप्पणी करूं? लेकिन मैं ये कह सकता हूं कि उज्जैन देव दर्शन की नगरी है। वे भगवान के दर्शन अच्छे से कर लें। मैं उनको शुभकामनाएं देता हूं। मध्य प्रदेश की धरती पर भगवान उनको सद्बुद्धि दें। वह एक पश्चाताप भी करें कि भगवान राम के मंदिर का न्योता उनकी पार्टी ने ठुकराया था वे जनता से माफी मांगे। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद वह मंदिर बना। उनके एक नेता उस बनाए हुए मंदिर के बारे में आज भी कोई देवस्थान तोड़ा गया उसका पश्चाताप करते हैं।

## राहुल के बजाए राजीव गांधी बोल गए सीएम

सीएम ने राहुल गांधी के बजाए राजीव गांधी का नाम लेते हुए कहा- राजीव गांधी से निवेदन है उस पर वह अपना स्पष्टीकरण दें शांति और सद्भाव के टापू पर वह अपनी यात्रा जिस भाव से कर रहे हैं वह तो कभी फलीभूत नहीं होगी क्योंकि, जीवन भर जिस पार्टी ने अन्याय किया। वह न्याय यात्रा पर निकल रहे हैं तो लोग इस बात के प्रश्न ढूंढते हैं कि उस काल के दरम्यान किए गए अपराधों के बारे में कांग्रेस क्यों सदियों के रूप से माफी नहीं मांगती? मैं उम्मीद करता हूं कि राजीव गांधी इन सारे सवालों के उत्तर देंगे।

# दोस्त की मौत के सदमे में कर ली खुदकुशी

### सुसाइड से पहले बनाया वीडियो, बोला- खास दोस्त था, इसलिए मर रहा हूं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार। युवक हादसे में दोस्त की मौत का सदमा बर्दाश्त नहीं कर सका। उसने मंगलवार को फांसी लगा ली। फोन लेन चौकड़ी पर जंगल में पेड़ पर उसका शव फंदे पर लटका मिला। खुदकुशी से पहले उसने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड किया। इसमें उसने कहा- वो मेरा खास दोस्त था, इसलिए मैं भी मर रहा हूं।**

मंगलवार सुबह करीब 8:15 बजे राजगढ़ पुलिस को फोर लेन चौकड़ी पर अज्ञात युवक का शव फंदे पर लटके होने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस पहुंची। इस बीच, युवक के परिवार वाले भी उसे खोजते हुए घटनास्थल पर पहुंच गए। उसकी पहचान कांति (28) पिता बूचा निवासी झाबुआ के रूप में हुई।

**रात में ही हुई थी दोस्त की मौत-** कांति के परिजन ने पुलिस को बताया कि सोमवार को कांति और उसका दोस्त नरवेसिंह (29) पिता बाबूसिंह महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन गए थे। लौटते समय देर रात करीब 12:30 बजे इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन पर नलखेड़ा चौकड़ी के समीप सामने आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में नरवेसिंह की मौत हो गई, जबकि कांति और दूसरे बाइक चालक को मामूली चोट आई।

**घर पहुंचने से पहले लगा ली फांसी-** हादसे के बाद वह घर नहीं पहुंचा। रात में ही पास स्थित जंगल में गया। मोबाइल से वीडियो बनाया। इसमें कहा- सभी लोगों से कह रहा हूं कि मेरा दोस्त मर गया है। मैं भी मर रहा हूं। किसी को परेशान मत करना, घरवालों को भी परेशान मत करना। मेरा खास दोस्त था, इसलिए मैं भी मर रहा हूं। वीडियो में उसने फांसी लगाने की लोकेशन राजगढ़ रोड चौकड़ी भी बताई। इसके बाद वीडियो उसने परिजन को भेज दिया। सुबह जब परिजन ने वीडियो देखा, तो घबरा गए।

# रतलाम में बच्ची पर झपटे 3 स्ट्रीट डॉग्स

### नोंचने-काटने की कोशिश की, नीचे गिराया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम।** रतलाम में 9वीं की छात्रा पर स्ट्रीट डॉग्स झपटे। उसे नोंचने और काटने की कोशिश की। नीचे गिरा दिया। इतने में बाइक पर दो युवकों को आता देख डॉग्स इधर-उधर हो गए। इसका वीडियो मंगलवार को सामने आया है। मामला सोमवार शाम करीब 5.30 बजे का है। 15 साल की दिव्यांशी पिता नवीन हरारिया का मंगलवार को हिंदी का पेपर था। अलकापुरी में बाल हनुमान मंदिर के पीछे वाली गली से गुजरते समय एक डॉग उस पर लपका। पास के ही दो और डॉग भी आ गए। डॉग्स ने उसे 6 जगह काटने की कोशिश की। दिव्यांशी के हाथ, पैर और बैक साइड में दांत लगने के निशान हैं। बालिका का इलाज जिला अस्पताल में कराया गया।

## जिला अस्पताल में हर दिन डॉग बाइट के 8-10 केस आ रहे-

दिव्यांशी के पिता नवीन हरारिया ने बताया कि पहले भी डॉग्स ने क्षेत्र के लोगों को निशाना बनाया है। बच्चों से लेकर बड़ों तक पर आवारा कुत्ते झपट रहे हैं। जिला अस्पताल में हर दिन 8 से 10 डॉग बाइट के मामले आ रहे हैं। इसकी शिकायत क्षेत्रीय पार्षद देवश्री मयूर पुरोहित के अलावा सीएम हेल्पलाइन पर भी की है।

# भाजपा-कांग्रेस नेताओं ने की चोरों की पिटाई

### वीडियो वायरल होने के बाद दोनों पर केस दर्ज

**आलोट। आलोट में भाजपा और कांग्रेस के दो युवा नेताओं ने मिलकर कृषि उपज मंडी में अनाज चुराने वाले दो चोर की जमकर पिटाई कर दी। मामला रविवार का था, जिसका सोमवार को वीडियो वायरल हुआ था। इसमें कांग्रेस के युवा नेता दीपक झंडी और भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष साकेत पोरवाल प्लास्टिक के पाइप और लात से चोरों की पिटाई करते दिख रहे है।**

मारपीट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद एसपी राहुल कुमार लोढ़ा ने थाना प्रभारी को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद मंगलवार को मारपीट करने वाले भाजपा और कांग्रेस नेता पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है।



**चोरी करते पकड़े गए तो कर दी पिटाई-** कृषि उपज मंडी से सोयाबीन चोरी करने के मामले में रविवार को आलोट थाने में चोरी का प्रकरण दर्ज हुआ था। दरअसल मंडी में रखे लोकेश झंडी के सोयाबीन के ढेर से आलोट निवासी योगेंद्र परमार और कालू खारोल रविवार सुबह सोयाबीन चुरा रहे थे। मौके पर मंडी व्यापारी लोकेश झंडी के छोटे भाई कांग्रेस नेता दीपक झंडी भी पहुंच गए, उन्होंने दोनों को सोयाबीन चोरी करते हुए देखा इसकी जानकारी अन्य व्यापारियों को दी। बाद में आलोट थाने में पहुंचकर दोनों के खिलाफ अपराध भी दर्ज करवाया। एक आरोपी तो मौके से फरार हो गया। चोरी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया।

**एक दिन बाद वायरल हुआ मारपीट का वीडियो-** कृषि उपज मंडी के चोरी करने वाले दोनों आरोपी की भाजपा और कांग्रेस के नेता ने मिलकर जमकर पिटाई की थी। किसी ने मोबाइल से मारपीट का वीडियो बना लिया। जिसमें कांग्रेस नेता दीपक झंडी और भाजपा के मंडल कोषाध्यक्ष साकेत पोरवाल पाइप से पिटाई करते हुए देखे जा रहे हैं।

**आरोपी के पिता ने दर्ज की रिपोर्ट एफआईआर-** मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद फरार आरोपी योगेंद्र परमार के पिता कैलाश परमार मंगलवार को मारपीट करने वालों पर एफआईआर करवाने के लिए आलोट थाने पहुंचे। उन्होंने मारपीट करने वालों दोनों नेताओं पर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। इसके बाद पुलिस ने पिता कैलाश परमार की शिकायत पर भाजपा नेता साकेत पोरवाल और कांग्रेस नेता दीपक झंडी पर आईपीसी की धारा 294, 323,506,34 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# कांग्रेस के सात पार्षद भाजपा में शामिल

### नगर निगम में अल्पमत में आ जाएगी पार्टी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा।** जिले में एक बार फिर सियासत गरमा गई। ताजा घटनाक्रम में कांग्रेस के सात पार्षदों ने भोपाल जाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। पार्षदों ने प्रदेश के शहरी विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से मुलाकात की। कांग्रेस से भाजपा में जाने वाले पार्षदों में चंदू ठाकरे, भूरा भावरकर, जगदीश ठाकरे, लीना तिरगाम, दीपा माहोरे, बबलू विश्वकर्मा व एक अन्य शामिल है।

इंटरनेट मिडिया पर चल रही तस्वीरों में पार्षदों के साथ सौंसर के पूर्व विधायक नानाभाऊ मोहोड़ भी दिखाई दे रहें हैं। उल्लेखनीय है कि छिंदवाड़ा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का गढ़ कहा जाता है लेकिन पिछले कुछ दिनों में कांग्रेस के कई नेता भाजपा का दामन थाम चुके हैं। जिसमें पांढुर्णा के पार्षद और कांग्रेस नेता अज्जू ठाकुर, चौरई के नेता बंटी पटेल और सिंगोड़ी के सरपंच शामिल हैं।

गौरतलब है कि बीते दिनों छिंदवाड़ा आए मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कहा था-इन दिनों छिंदवाड़ा में कई लोगों का मन डावांडोल है, आज नहीं तो कल हमारे पास आ जाएंगे। नगर निगम छिंदवाड़ा के सात पार्षदों मन भाजपा में जाने का हो गया और वे भाजपाई बनने के लिए भोपाल जा पहुंचे। छिंदवाड़ा नगर निगम में कुल 48 पार्षद हैं। सात पार्षदों के पाला बदलने के बाद नगर निगम का समीकरण गड़बड़ा गया है। नगर निगम में 26 पार्षद कांग्रेस के जीते थे, वहीं भाजपा के 19 पार्षद जीते, वहीं तीन पार्षद निर्दलीय जीते, जिसमें से दो कांग्रेस और एक भाजपा को समर्थन कर रहे थे, 26 में से 7 पार्षद कम होने से अब कांग्रेस के पार्षदों की संख्या 21 रह जाएगी।

बताया जा रहा है कि ये पार्षद बीते कई दिनों से पाला बदलने की फिराक में थे, जिसके बाद उन्होंने भाजपा के नेताओं से मुलाकात की और इस के बाद ये सारा घटनाक्रम हुआ। बताया जा रहा है कि पार्षद निगम में फंड की कमी के चलते विकास कार्य नहीं करवा पा रहे थे, जिसके बाद इन्हें रोकने के प्रयास कांग्रेस खेमे में कई दिनों से किए जा रहे थे।

अभी सारे पार्षद भोपाल में हैं, जब वो छिंदवाड़ा आएंगे, तब आगे की प्रक्रिया की जाएगी। - विजय पांडे, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम

Maharashtra

# BJP को 32 सीटें, अजित कैंप को 3, शिंदे गुट को 10... महाराष्ट्र में बन गया सीट शेयरिंग का फॉर्मूला!

**मुंबई, (एजेंसी)** लोकसभा चुनाव से पहले सीट शेयरिंग को लेकर महाराष्ट्र में NDA के बीच जद्दोजहद थमती दिख रही है. सूत्रों के मुताबिक महाराष्ट्र की 48 सीटों में 32 से ज्यादा पर बीजेपी चुनाव लड़ सकती है. बाकी बची सीटों में 10 सीटें शिवसेना (शिंदे गुट) को दी जाएंगी. वहीं, दो से लेकर तीन सीटें एनसीपी (अजित पवार गुट) के खाते में आ सकती हैं. अजित खेमे को बारामती, रायगढ़, शिरूर या मावल में से 2 या 3 सीटें मिलने की संभावना है. वहीं, इसके बाद बचने वाली 4 सीटों पर भी शिवसेना और एनसीपी के ही उम्मीदवार उतरने की उम्मीद है. हालांकि, इन उम्मीदवारों को कमल के निशान पर चुनाव लड़ाया जाएगा.



दरअसल, गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार देर रात सह्याद्रि गेस्ट हाउस में देवेंद्र फडणवीस, अजित पवार और एकनाथ शिंदे के साथ मीटिंग की. बताया जा रहा है कि इस मीटिंग में ही सीट शेयरिंग को लेकर सारी बातें फाइनल की गई हैं. पहले अमित शाह ने देवेन्द्र फड़णवीस और अजित पवार से मुलाकात की. यह मीटिंग करीब आधे घंटे तक चली. इसके बाद दोनों नेता सह्याद्रि गेस्ट हाउस से चले गए. फडणवीस और अजित पवार के जाने के बाद अमित शाह ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और बीजेपी मुंबई के अध्यक्ष आशीष शेलार के साथ करीब 45 मिनट तक चर्चा की. सूत्रों के मुताबिक इन दोनों मीटिंग्स में ज्यादातर सीटों पर सहमति बन गई. तय किया गया है कि सीएम शिंदे और अजित गुट को केवल जीतने की क्षमता के आधार पर सीटें मिलेंगी.

New Delhi

## खूंखार अपराधी है मुख्तार अंसारी, जनता में बिठाया खौफ; पूर्व बसपा विधायक पर सख्त सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** बसपा के पूर्व विधायक और माफिया मुख्तार अंसारी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने तीखी टिप्पणी की है। अदालत ने मंगलवार को मुख्तार के खिलाफ सुनवाई के दौरान कहा कि वह खूंखार अपराधी है, जिसने खिलाफ कई मामले चल रहे हैं। जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी और पंकज मित्तल की बेंच ने मुख्तार अंसारी की अर्जी पर सुनवाई करते हुए ये बातें कहीं। अंसारी ने यूपी सरकार के गैंगस्टर ऐक्ट के तहत खुद को दोषी ठहराए जाने के खिलाफ अर्जी दाखिल की थी। जस्टिस त्रिवेदी ने कहा, 'वह खूंखार अपराधी है। उसके खिलाफ तमाम केस हैं।' अब अदालत ने अंसारी से एफिडेविट दाखिल करने की मांग की है और मामले को 2 अप्रैल तक के लिए टाल दिया है।

दरअसल गैंगस्टर ऐक्ट के तहत सितंबर 2022 में इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने मुख्तार अंसारी को 5 साल कैद और 50 हजार रुपये फाइन की सजा सुनाई थी। इसी को चुनौती देते हुए मुख्तार अंसारी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। यह सजा उसे 1999 में दर्ज केस में दी गई थी, जिसमें कहा गया था कि मुख्तार अंसारी एक खूंखार अपराधी है। उसने गैंग बना रखी है, जिसके जरिए वह किडनैपिंग, मर्डर, फिरौती जैसे खतरनाक अपराधों को अंजाम देता रहा है। एफआईआर के अनुसार अंसारी का लोगों के दिलों दिमाग पर खौफ है। यहां तक कि उसके खिलाफ लोग केस दर्ज कराने में भी डरते हैं।

यही नहीं आम लोग उससे डरते हैं। लखनऊ और आसपास के इलाकों में उसका खौफ है। दरअसल गैंगस्टर ऐक्ट के तहत 2020 में एमपी-एमएलए कोर्ट ने मुख्तार अंसारी को बरी कर दिया था। फिर इस आदेश को हाई कोर्ट में सरकार ने चुनौती दी थी, जिसने निचली अदालत के ऑर्डर को पलट दिया। इसके बाद मुख्तार अंसारी सुप्रीम कोर्ट चला गया।

Haryana

## हरियाणा में मातम में बदलीं खुशियां, शादी से लौटकर आ रही कार रोडवेज बस से टकराई, 5 लोगों की मौत

**रेवाड़ी, (एजेंसी)** हरियाणा के रेवाड़ी में भीषण सड़क हादसा हुआ है. यहां रोडवेज बस और कार की टक्कर हो गई, जिसमें पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है. यह हादसा रेवाड़ी-महेंद्रगढ़ रोड पर सीहा गांव के पास हुआ है. जानकारी के मुताबिक, इस हादसे में जान गंवाने वाले एक विवाह समारोह से लौटकर अपने गांव वापस जा रहे थे. तभी सीहा गांव के पास रेवाड़ी-महेंद्रगढ़ रोड पर हरियाणा रोडवेज की बस और बलेनो कार की टक्कर हुई, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई. यह हादसा आज सुबह हुआ था, जब बलेनो कार और बस की आमने-सामने टक्कर हो गई. हादसे के बाद घायलों को एम्बुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया है. घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस मामले की जांच कर रही है. इस घटना में जान गंवाने वाले लोग चरखी दादरी के चांगरोड गांव के रहने वाले थे.

Bihar

## बैलेंस चेक करने पहुंचे तो अकाउंट खाली, बैंककर्मियों ने ही कर दिया 5 करोड़ का गबन, ग्राहकों ने काटा हंगामा

**सीतामढ़ी।** सीतामढ़ी जिले के उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक (यूबीजीबी) की बैरगनिया शाखा के ग्राहकों के खाते से करोड़ों रुपये गायब होने का मामला सामने आया है। इससे नाराज ग्राहकों ने मंगलवार को शाखा पर हंगामा किया। क्षेत्रीय प्रबंधक प्रभात कुमार ने मामले की जांच कर दोषी बैंककर्मियों के विरुद्ध करवाई करने के साथ राशि वापस करने का आश्वासन दिया है। खाते से गायब राशि पांच करोड़ से अधिक बतायी जा रही है। बैरगनिया थानाध्यक्ष कुंदन कुमार ने बताया कि हंगामे के बाद थाने में बैठक हुई। इसमें खाताधारकों को जांच का आश्वासन दिया गया है। जांच के बाद दोषी बैंककर्मियों पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई होगी। जानकारी के अनुसार, मंगलवार को एक खाताधारक जब बैंक से रुपये निकालने गया तो उन्हें पता चला कि उनके खाते में पर्याप्त राशि नहीं है। इस बात की जानकारी अन्य ग्राहकों को हुई तो करीब एक दर्जन ग्राहक अपना खाता चेक कराने बैंक पहुंचे। सभी के खाते से राशि गायब थी।आरोपित बैंक कर्मी फरार बताए जा रहे हैं। ग्राहक बैंक पर हंगामा कर राशि वापस करने के बाद ही शाखा बंद करने की जिद पर अड़े थे। सूचना पर क्षेत्रीय प्रबंधक प्रभात कुमार शाम करीब सात बजे बैंक पहुंचे और पीड़ित ग्राहकों से जानकारी लेने के बाद उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि आपके रुपये बैंक से वापस किए जाएंगे। फिलहाल, मामले की जांच आवश्यक है ताकि यह पता चल सके कि किस बैंककर्मी ने कितनी राशि का गबन किया है।

खेल

# भारतीय गेंदबाज शाहबाज ने लिया अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास

**नई दिल्ली। बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज शाहबाज नदीम ने अंतराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया है। इसकी घोषणा करते हुए उन्होंने दुनिया भर की विभिन्न घरेलू लीगों में खेलने की इच्छा जताई। 34 वर्षीय गेंदबाज ने भारत के लिए दो टेस्ट मुकाबले खेले। हालांकि, 2019 के बाद उन्हें मौका नहीं मिला।**

शाहबाज ने अपने 20 साल के घरेलू करियर को खत्म करने की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए दी। उन्हें आखिरी बार राजस्थान के खिलाफ रणजी मुकाबला खेलते देखा गया। इस दौरान उन्होंने तीन विकेट लिए। इसके उन्होंने 46 रन भी बनाए।



### सोशल मीडिया पर किया भावुक पोस्ट

नदीम ने इंस्टा पर भावुक पोस्ट साझा किया। इसमें उन्होंने लिखा, 'मैं लंबे समय से अपने संन्यास पर विचार कर रहा था और अब मैंने फैसला किया है कि मैं तीनों प्रारूपों से संन्यास ले रहा हूं। नदीम ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो को बताया, मुझे हमेशा लगता है कि जब आपके पास कुछ प्रेरणा होती है, तो आप खुद को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। हालांकि, अब मुझे पता है कि मुझे भारतीय टीम में मौका नहीं मिलेगा, इसलिए बेहतर होगा कि मैं युवा क्रिकेटरों को मौका दूं। अब मैं दुनिया भर की टी20 लीगों में खेलने की भी योजना बना रहा हूं।'

**प्रथम श्रेणी में चटकाए 500 से अधिक टेस्ट-** भारत के लिए दो टेस्ट मैचों में शाहबाज नदीम को आठ विकेट मिले। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनके नाम 500 से अधिक विकेट दर्ज हैं। 140 मुकाबलों में स्पिन गेंदबाज ने 542 विकेट अपने नाम किए। वहीं, 134 लिस्ट ए मैचों में उन्हें 175 सफलताएं मिलीं जबकि 150 टी20 मुकाबलों में वह 125 विकेट लेने में कामयाब रहे।

सिनेमा

## 'सरकार से कुछ मांगो मत, तय करो सरकार किसकी लानी है', किसानों से बोले नाना पाटेकर



देश में चल रहे किसान आंदोलन में बॉलीवुड एक्टर नाना पाटेकर की भी एंट्री हो गई है. उन्होंने बड़ा बयान दिया है. एक्टर ने किसानों का सपोर्ट किया है. नाना ने किसानों से अपना फैसला लेते हुए सरकार चुनने की बात कही है. नाना का कहना है कि अब वक्त है कि किसान कुछ मांगे नहीं बल्कि तय करें कि उन्हें देश में किसकी सरकार लानी है. इसी के साथ उन्होंने अपने राजनीति में आने को लेकर भी जवाब दिया है.

नाना पाटेकर हमेशा से अपने ओपिनियन को लेकर मुखर रहे हैं. किसानों पर ज्यादती को लेकर उन्होंने हमेशा सपोर्ट शो किया है. इस बार उन्होंने किसानों का पक्ष लेते हुए कहा- 80-90% पहले किसान थे, अब किसान 50% हैं. सरकार से अब कुछ मांगो मत. अब तय करो कि सरकार किसकी लानी है. मैं राजनीति में नहीं जा सकता क्योंकि जो पेट में है वही मुंह पर आ जाएगा. वो मुझे पार्टी से निकाल देंगे. पार्टियां बदलते बदलते एक महीने के अंदर सारी पार्टियां खत्म हो जाएंगी. यहां आपके यानी हमारे किसान भाईयों के सामने हम दिल की बात कर सकते हैं. जो हमें रोज खाना देता है उसकी किसी को पड़ी नहीं, तो हमें आपकी यानी सरकार की क्या पड़ी है?

## संपादकीय


### पुलिस का खौफ..., नहीं

झारखंड में एक विदेशी महिला से बलात्कार और मारपीट की घटना न सिर्फ अपराधियों के बेलगाम होते जाने, बल्कि कानून-व्यवस्था खोखला होने का सबूत है। इसमें आरोपियों ने जिस तरह पीड़ित महिला के खिलाफ यौन हिंसा की, उससे यही लगता है कि उस इलाके में पुलिस प्रशासन का कोई खौफ नहीं था। हालांकि जब मामला पुलिस के पास पहुंचा तो वह सतर्क हो गई और अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने की बात कही जा रही है। मगर विडंबना है कि जब ऐसी कोई आपराधिक घटना हो जाती और जनआक्रोश उभरता तथा मामला तूल पकड़ लेता है, तभी सरकार और प्रशासन की नींद क्यों खुलती है। यही सक्रियता अगर सामान्य स्थितियों में भी कायम रहे, तो शायद किसी आपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्ति के भीतर कानूनी कार्रवाई का डर बन सकता है और इस तरह कई अपराधों को पहले ही रोका जा सकता है। अफसोसनाक यह है कि भारत की 'अतिथि देवो भव' की परंपरा का गुणगान करते हुए दुनिया भर के लोगों से यहां आने का आग्रह किया जाता है। मगर विदेश से भारत घूमने आए पर्यटकों के साथ कई ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, जिन्हें उदाहरण मान कर खासतौर पर महिलाओं के लिहाज से यहां असुरक्षित और खतरनाक माहौल होने की बात कही जाती है। स्पेन की महिला के साथ जो हुआ, उससे एक बार फिर उसी धारणा की पुष्टि हुई है। सवाल है कि परदेस में भारत की ऐसी छवि न बने, इसके लिए यहां की सरकारें, पुलिस प्रशासन और आम लोग अपने स्तर से क्या करते हैं! आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों से किसी विदेशी के भारत में आने और उसके साथ किए जाने वाले व्यवहार की अहमियत समझने की उम्मीद बेमानी है। यों किसी भी महिला के खिलाफ यौन हिंसा को लेकर शून्य सहनशीलता की नीति अपनाने और उसे गंभीर अपराधों की श्रेणी में दर्ज किया जाना अनिवार्य होना चाहिए।

**अर्ज़ किया है..!**

*दाएम आबाद रहेगी दुनिया*
*हम न होंगे कोई हम सा होगा*

*- नासिर काज़मी*




## ज्ञान-विज्ञान

# कहां से आए भारतीय? 50 हजार साल पहले अफ्रीका से एशिया के लिए शुरू हुई एक यात्रा!



भारतीय कहां से आए? हम भारतीयों का मूल स्रोत क्या है? लंबे समय से बहस का मुद्दा रहे इस टॉपिक कई थ्योरीज दिए जाते हैं. इस बारे में कभी आर्कटिक होम थ्योरी का हवाला दिया जाता है जो बताता है कि भारतीयों का मूल ठिकाना कभी उत्तरी ध्रुव था. 8000 वर्ष ईसा पूर्व भौगोलिक कारणों से वहां से लोगों का विस्थापन शुरू हुआ फिर ये लोग उत्तरी यूरोप और एशिया की ओर आए.

एक दूसरी थ्योरी कहती है कि भारतीय यूरेशियन घास के मैदान को लांघते हुए इस भूमि पर पहुंचे. ये घास के मैदान पूर्वी यूरोप से लेकर सेंट्रल एशिया, चीन और मंगोलिया तक फैले हैं.

अब एक नए आनुवंशिक अध्ययन (Genetic study) में एक आश्चर्यजनक खोज सामने आई है जो भारतीयों के मूल इतिहास को और अधिक पुख्ता करती है।

1.4 अरब भारतीयों के बीच मौजूद भारी विविधता इंडियन के मूल स्रोत का आकलन करने के कठिनाई के सबसे बड़े कारकों में से एक बनी हुई है. नए आनुवंशिक अध्ययन में भारतीय वंश परंपरा की जड़ें तीन प्राचीन समूहों और 50,000 साल पहले शुरू हुए माइग्रेशन में पाई गई हैं.

ये तीन प्राचीन समूह हैं परसिया (ईरान) के किसान, यूरेशिया के घास के मैदान के चरवाहे और दक्षिण एशिया के शिकारी. यानी कि भारत की जमीन का बड़ा हिस्सा इन्हीं तीनों जगहों से आए लोगों से आबाद हुआ.

इस स्टडी को करने के लिए दुनिया के नामी-गिरामी संस्थानों के रिसर्च साइंटिस्ट इक्ट्ठा हुए थे. इनमें नई दिल्ली स्थित AIIMS, यूनिवर्सिटी ऑफ मिशीगन, पेरिलमान स्कूल ऑफ मेडिसीन, यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ कैलिफोर्निया और यूसी वर्कले के रिसर्चर शामिल थे.

### एक महान आश्चर्य!

इस अध्ययन के जीनोमिक विश्लेषण ने शोधकर्ताओं को आश्चर्यचकित कर दिया क्योंकि उन्हें इस जीन में निएंडरथल और उनके करीबी रिश्तेदार डेनिसोवन्स के जीन मौजूद होने की निशानी मिली.

इस खोज को और भी अजीब बनाने वाली बात यह है कि अब तक भारत में डेनिसोवन्स के किसी भी जीवाश्म की कोई खोज नहीं हुई है, लेकिन इस स्टडी के लिए जिन भारतीयों के जीन का सैंप्ल लिया गया था उसमें डेनिसोवन्स के जीन्स मिले हैं.

इस अध्ययन से पता चलता है कि भारतीयों में अंतर्विवाह (Endogamy-एक विशिष्ट वर्ग के व्यक्तियों को उसी वर्ग के अंदर रहने वाले लोगों से शादी करने की परंपरा) एक बड़ा जनसांख्यिकीय बदलाव लेकर आया, जहां लोगों ने अपने समुदायों के भीतर ही विवाह करना शुरू कर दिया, जिसका अर्थ है कि उन्होंने एक ही पृष्ठभूमि या समूह के लोगों से विवाह किया. इससे उनके जीन्स में बहुत सारी समानताएं पैदा हुईं, जिससे वे आनुवंशिक रूप से अधिक समान हो गए.

वैज्ञानिकों ने ईरानी मूल की आबादी से प्राचीन डीएनए की जांच की जो भारत में आनुवंशिक प्रभाव से पहले मौजूद थे. उन्होंने यह पहचानने के लिए सिमुलेशन प्रक्रिया अपनाई ताकि ये पता लगाया जा सके कि किसके जीन आधुनिक भारतीयों में देखे गए पैटर्न से सबसे अधिक मिलते जुलते हैं.

इस दौरान सबसे उपयुक्त मिलान उन किसानों के डीएनए से पाए गए जो जो साराजम के थे. ये जगह वर्तमान ताजिकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में स्थित एक प्राचीन कृषि केंद्र था.

अध्ययन में पता चला है कि इंसानों की आबादी में हमारे पूर्वजों के पूर्वज निएंडरथल के जो 90 फीसदी जीन पाए जाते हैं ये जीन उन भारतीय 2700 भारतीयों के जीनोम सीक्वेंसिंग में भी पाए गए जिनका अध्ययन लैब में किया गया. रिसर्च पेपर में कहा गया है अगर हम लंबे समय में देखें तो हम पाते हैं कि भारतीयों के पूर्वजों के जीनोम का एक से दो फीसदी हिस्सा निएंडरथल और डेनिसोवन्स के साथ मिलने से बना हुआ है.

इस अध्ययन ने आगे पुष्टि की कि भारतीयों में जो जेनेटिक भिन्नताएं आईं उनका मूल स्रोत एक ही माइग्रेशन जो अफ्रीका से 50 हजार साल पहले शुरू हुआ.

शोधकर्ताओं ने कहा है कि ये विश्लेषण भारत के जनसंख्या इतिहास का एक विस्तृत दृश्य प्रदान करते हैं और यूरोप के बाहर विविध समूहों में जीनोमिक सर्वेक्षण के विस्तार के महत्व को रेखांकित करते हैं.

## Highlights

1. 'Centre's financial restrictions threaten cooperative federalism'
2. Tarapada Banerjee passes away: West Bengal CM expresses sadness
3. Court calls Tauqeer Raza 'mastermind' of 2010 Bareilly riots, summons him
4. Maha Speaker's email hacked, mail saying 'MLAs not behaving' sent to Guv
5. Andhra CM Jagan unveils ₹1.5 lakh crore Vision Vizag plan
6. BJP president Nadda questions Congress's allegiance to India

# Zomato share price falls 3% after ₹3,112-crore block deal: What's happening




**NEW DElHI, (Agency).** Zomato share price: Shares of Zomato fell 3 percent in opening deals today (March 6). This comes after around 19 crore shares, which accounted for a 2.1 per cent stake in the company, changed hands in a ₹3,112-crore block deal. At 9.20am, Zomato shares traded at ₹160.80 on the NSE.

On March 4, the stock price of Zomato hit a record high. In the past three months, it has risen over 42 per cent increasing Zomato's market capitalisation to ₹1.46 lakh crore. On Tuesday, Zomato shares closed 1.8 per cent lower at ₹166.8 on the BSE. Last week, Zomato shares hit a record high reaching ₹173.5.

Zomato share price: Zomato reported block deal

This comes as it was reported that China-based Ant Group's subsidiary Antfin Singapore Holdings Pte is likely to offload up to 2 per cent stake- 17.64 crore shares- in food delivery platform Zomato for ₹2,800 crore through a block deal. The floor price for the block deal has been fixed at ₹159.4 per share, as per the report. This represents a 4 per cent discount on the current market price of Zomato stock, it added.

# RBI's new guidelines to banks: Let customers choose from multiple card networks

**NEW DElHI, (Agency).** The Reserve Bank of India (RBI) said that card issuers should not enter into any arrangement with card networks which restrain them from availing services of other card networks. The central bank also said that card issuers need to provide an option to their eligible customers to choose from multiple card networks at the time of issue.

This option may be given to existing cardholders at the time of the next renewal, the RBI said after it observed that some arrangements existing




between card networks and card issuers are not conducive to the availability of choice for customers.

What is the aim of the new directives?

Through the guidelines, RBI aims to ensure more choice and flexibility for customers in issuance and usage of credit cards, it said, adding that some arrangements between card networks and issuers were limiting customers' options. The RBI directed the following:

Card issuers are barred from entering into agreements that stop them from availing services from other card networks. Card issuers must offer eligible customers the choice to select from multiple card networks when the card is being issued.

In case of existing cardholders, this option will be provided at the time of their next card renewal.

# सनसनीखेज लूट वाले तीन बदमाश धराए

## पेट्रोल पंप पर वाहन की डिक्की से उड़ाए थे पांच लाख रुपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। परिचित ब्रोकर के साथी के साथ सनसनीखेज लूट की वारदात करने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने दबोच लिया है। बदमाशों ने सात दिन पहले पेट्रोल पंप पर वाहन की डिक्की से पांच लाख रुपए निकाल लिए थे। क्राइम ब्रांच के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया कि घटना 28 फरवरी की है। फरियादी सुनिल पिता पूनमचन्द शर्मा निवासी ब्रजनयनी कालोनी लिम्बोदी ने छोटी ग्वालटोली थाने में लूट की शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें कहा था कि वह दीपक दीपक पिता धीरज सिंह भामी के साथ प्रापर्टी ब्रोकर का काम करता हैं। घटना वाले दिन वह दीपक से 5 लाख रुपए लेकर किसी महेन्द्र नामक युवक को नवलखा चौराहा पर देने आया था। उसने यह राशि एक्टिवा की डिक्की में रखी थी। थाना अंतर्गत वह आनन्द पेट्रोल पम्प रुका था। उसके पीछे बाइक पर दो युवक खड़े थे। पेट्रोल भराने जैसे ही डिक्की खोली, बदमाशों ने धक्का देकर गिरा दिया और रुपयों से भरा बैग ले गए।



### कैमरे के फुटेज और रूट से मिली बदमाश

घटना के बाद तत्काल पुलिस की टीम पेट्रोल पंप पहुंची। वहां लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज और बदमाशों के वाहन का रूट चेक किया। इसमें दो संदिग्ध बदमाश वारदात करते नजर आए। बदमाशों को पकडऩे पुलिस ने टीम गठित कर मुखबीर सक्रिय किए। मुखबीर की सूचना पर वारदात करने वाले धीरज उर्फ चिंटू बागवान निवासी कबीरपुर हाट पिपलिया जिला देवास, अमीन शेख निवासी शेरवानी चौक हाट पिपलिया देवास तथा अजय चौहान निवासी ग्राम खजुरिया हाटपिपलिया को पकड़ा।

### ऐसे रची थी साजिश

पुलिस के मुताबिक, आरोपी धीरज फरियादी सुनील और दीपक को जानता हैं। उसे पता था कि दीपक के पास लेनदेन का काफी पैसा रहता है। वह घटना वाले दिन दीपक के साथ कार में घुम रहा था। दीपक लगातार मोबाइल पर सुनील से पैसे को लेकर बात कर रहा थी। इसी के चलते वह अपने साथियों के सुनील की लोकेशन बताता रहा। धीरज ने अपने मित्र अमीन एवं अजय के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई थी। जैसे ही सुनील पैसे लेकर निकला, आरोपी भी उसके पीछे निकल गए। घटना स्थल पर वारदात कारित करने वह भी पंप पर रूके और पैसे लेकर भाग निकले। बदमाशों से 2 लाख 47 हजार रुपए जब्त हुए हैं। शेष राशि बदमाश खर्च करना बता रहे हैं।

### पुलिस ने किया था इनकार

28 फरवरी को ही कनाडिय़ा थाना क्षेत्र में भी लूट की वारदात हुई थी। छोटी ग्वालटोली थाने में जब घटना को लेकर मीडिया ने पूछा तो थाना प्रभारी उमेश यादव, सहायक पुलिस आयुक्त तुषारसिंह ने रिपोर्ट दर्ज नहीं होने का हवाला दिया था। जबकि, घटना के चंद मिनट बाद ही फुटेज में आए हुलिए के आधार पर पुलिस ने बदमाशों को पकडऩे नाकाबंदी कर दी थी।

# सरकारी जमीन पर मुरम का अवैध खनन

## तीन पोकलेन मशीनें और चार डम्पर जब्त



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। प्रशासन ने मंगलवार को माचला गांव में सरकारी जमीन पर मुरम का अवैध खनन का मामला पकड़ा है। यहां से तीन पोकलेन मशीनें और चार डम्पर जब्त किए हैं। दोपहर को सूचना मिलने के बाद एसडीएम राऊ विनोद राठौर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित टीम माचला स्थित सर्वे नं. 248 पर पहुंची। यहां मौके पर तीन पोकलेन मशीनों द्वारा अवैध मुरम खनन करते पाया। एसडीएम ने बताया कि इसमें से एक पोकलेन मशीन सत्री जाट निवासी दूधिया और दो पोकलेन मशीनें राजेश मुकाती निवासी पीपल्दा द्वारा संचालित की जा रही थी। मौके पर मुरम से भरा एक डम्पर अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया। तीन अन्य डम्पर भी पकडे गए हैं। मौके पर खनिज विभाग इंदौर की टीम को बुलाया गया और तीन पोकलेन मशीनों व चार डम्परों की सुपुर्दगी की गई। अवैध उत्खनन की गई जमीन के क्षेत्रफल का आकलन किया जा रहा है। आरोपियों से अवैध उत्खनन करने के मामले में आर्थिक दण्ड वसूला जाएगा।

# संपत्ति को लेकर विवाद महिलाओं सहित 6 घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पैतृक संपत्ति के कुंए का पानी और खेती की आय को लेकर एक परिवार के सदस्यों के बीच हुए विवाद में जमकर लात घूसें और ल_ चल गए। हमले में 6 लोग घायल हो गए।**

पुलिस के मुताबिक विवाद और हमला ग्राम रंगवासा में पंचायत भवन के पास मेन रोड पर हुआ। फरियादी कमल पिता ईश्वरलाल मुकाती (48) की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी भरतसिंह मुकाती और बाबूलाल के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि हमारी पैतृक संपति में सम्मिलित कुंए का पानी हम तीनों भाइयों के खेत के लिए उपयोग करते हैं इस कुंए का पानी भरत मुकाती व बाबूलाल मुकाती मल्टी वालों को बेचते हैं और मेरी खुद की खरीदी जमीन में हिस्सा मांगते हैं। मैंने इसी बात को लेकर जब दोनों को मना किया तो आरोपियों ने गालियां दी और डंडे से मारपीट की। मेरी पत्नी सुनीता बीच बचाव करने आई तो उसे भी पीटा। संजय और संदीप को भी पीटा।

पुलिस ने दूसरे पक्ष से फरियादी भरत पिता ईश्वरलाल मुकाती (50) की रिपोर्ट पर कमल, संजय, संदीप और सुनीता के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मैंने कमल को बोला कि इस खेती की आय से तुमने अलग खेती खरीद ली है जिससे हमारा भी हिस्सा बनता है। हमारा हिस्सा दे दो। इस बात को लेकर कमल, संजय, संदीप ने गालियां दी और डंडे से हमला कर दिया। मैं चिल्लाया तो मेरा लडक़ा अभिजीत, पत्नी कविता और लडक़ी खुशी बीच बचाव करने लगी तो संदीप ने सरिए से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों के घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। दोनों ओर से केस दर्ज किया गया।

## दो पक्षों में झगड़े के चलते हुआ पथराव

इंदौर। खुड़ैल क्षेत्र में दो पक्षों के बीच झगड़े के बा पथराव हो गया। दोनों ओर से ईंट भी चली। हमले में पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों ओर से केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि विवाद ग्राम उमरिया खुर्द में हुआ। फरियादी धर्मेंद्र पिता जमनालाल कुशवाह की रिपोर्ट पर आरोपी राजकुमार, जितेंद्र और मथुरालाल पर केस दर्ज किया गया। फरियादी ने बताया कि मिनी ट्रक में पटिए से गाजर चढाने की बात को लेकर आरोपियों ने उसके परिवार पर पथराव कर दिया और बाइक, स्कूटर फोड़ दिया। हमले में धर्मेंद्र, भीम,प्रिया व आनंदीबाई को चोट आई। मकान के शेड को भी नुकसान हुआ। पुलिस ने दूसरे पक्ष की ओर से फरियादी जितेंद्र पिता मथुरालाल कुशवाह की रिपोर्ट पर आरोपी धर्मेंद्र, अर्जुन, सतीश और भीम पर केस दर्ज किया है। फरियादी ने बताया कि आरोपियों ने उसके परिवार के साथ मारपीट की और ईंटो से हमला कर दिया इससे रजनीबाई और सुमनबाई को चोट आई। बाईक में भी तोडफोड़ की।

## किराए पर दी कार नहीं लौटाई

**इंदौर।** मासिक किराए पर दी कार बदमाश ने नहीं लौटाई। फरियादी भारत मारिया निवासी अर्जुनसिंह गौहर नगर परदेशीपुरा ने आरोपी रविसिंह पिता राजेशसिंह बघेल निवासी कृष्ण रेजीडेंसी को डिजायर कार को 18,000 रुपए माह किराए पर दी थी। रवि सिंह ने 3 महीने पहले गाड़ी ली थी। कार लेने के बाद अब तक कोई किराया नहीं चुकाया। कार लौटाने से भी इनकार कर रहा है। परदेशीपुरा पुलिस जांच कर रही है।






## भूमाफिया किसान को दी जान से मारने की धमकी

**इंदौर।** भूमाफिया चंपू अजमेरा द्वारा किसान को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। किसान ने लसूडिय़ा थाने पर शिकायत की है। किसान हरदीप सिंह निवासी फोनिक्स टाउनशिप ने शिकायत में बताया कि मेरी कृषि भूमि टाउनशिप से लगी हुई है। सोमवार शाम करीब पांच बजे चंपू, रितेश, रजत बोहरा राजस्व निरीक्षक और पटवारी के साथ मेरे खेत पर आए। मैं पहुंचा तो उनके साथ मौजूद गनमैन ने जान से मारने की धमकी दी।

## बहनोई को मारा चाकू

**इंदौर।** पारिवारिक विवाद के चलते बहनोई को चाकू मारकर घायल कर दिया। मामला खजराना थाना क्षेत्र का है। घायल युवक का नाम जावेद अली पिता नूर अली निवासी तंजीम नगर है। जावेद की शिकायत पर पुलिस ने उसके साले अकबर और रईस पर केस दर्ज किया है। फरियादी ने बताया कि वह घर आने में लेट हो गया था। इस बात को लेकर पत्नी ने विवाद कर लिया।

## पत्नी को कर दिया घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पारिवारिक विवाद में पति ने पत्नी पर कराते से हमला कर घायल कर दिया। जब साला बीच बचाव में आया तो उसे पीटा और जमीन पर पटक दिया। पुलिस के मुताबिक घटना कादंबरी नगर में हुई। राऊ पुलिस ने बताया कि फरियादी सुनील मेहरा की रिपोर्ट पर उसके जीजा निलेश मेहरा के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी जीजा निलेश ने बिना कारण से मेरी बहन भागवंती के साथ विवाद किया और सब्जी काटने वाले दराते से हाथ में वार कर दिया। बहन ने दरांते को पकडक़र छीनने का प्रयास किया तो अंगुली में भी चोट लगी और खून निकलने लगा। मैंने जीजा को रोका और बोला कि मेरी बहन को क्यों मार रहे हो तो आरोपी ने मुझे भी पीटा और मेरे पैर पकड़ कर खींच दिया जिससे जमीन पर गिर पड़ा। इस दौरान उसने मुझे छाती, गर्दन और चेहरे पर दातों से काट लिया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक